Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up commercial air port in Singrauli district in Sidhi Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र का नाम सीधी है । सीधी में एक दूसरा जिला सिंगरौली है, जिसे मध्य प्रदेश की सरकार `आकांक्षी जिला घोषित किया है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री जी से विशेष आग्रह करती हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र का जो सिंगरौली जिला है, उसमें कई औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित हैं । वहाँ पर्याप्त मात्रा में कोयले और बिजली का उत्पादन होने के कारण, ऊर्जा राजधानी के नाम से भी जाना जाता है । इसमें एनटीपीसी, हिंडाल्को, रिलायंस, जे.पी. सहित कई कंपनियाँ हैं । वहाँ विभिन्न स्थानों से लोग कार्य करने के लिए आते हैं और निवासरत भी हैं । यहाँ हमें अभी तक एयरपोर्ट की सुविधा प्राप्त नहीं हो पाई है ।

महोदय, इसके लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहती हूँ । हम सभी के आग्रह करने पर, पिछली बार आदरणीय मंत्री जी के माध्यम से हमें हवाई पट्टी की स्वीकृति प्राप्त हुई थी । मैं आपके माध्यम से पुन: आग्रह करना चाहती हूँ, क्योंकि सिंगरौली जिले में वाणिज्यिक हवाई अड्डे की नितांत आवश्यकता है । इसलिए, मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्री जी के पास विशेष संदेश पहुँचाना चाहती हूँ और आग्रह भी करना चाहती हूँ कि इसकी स्थापना की जाए और हमें हवाईअड्डे की सुविधा प्रदान करें ।